www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

52/GA/CC/M-2026-21

Booklet Series **A**

Candidate's Roll Number

Serial No. 1013617

Question Booklet

# PHILOSOPHY

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **100** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
5. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached answer sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet and the series encoded in Answer Sheet are same. Also please check that the Question Booklet contains 24 printed pages including two pages (Page Nos. 22 and 23) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or Question Booklet and Answer Sheet have different series. If you find any defect in this Question Booklet and attached Answer Sheet, get it replaced Immediately by a complete Question Booklet with OMR sheet of the same series.**
6. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
7. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
8. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Question Booklet. Each question comprises of **four** responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
9. In the Answer Sheet, there are **four** circles - Ⓐ, Ⓑ ,Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.



ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Metaphysics as a branch of Philosophy stands for:
   (A) Fundamental nature of reality
   (B) Search for truth
   (C) Understanding the principles of everything
   (D) All of the above

2. Who is the father of Metaphysics?
   (A) Plato
   (B) Aristotle
   (C) Parmenides
   (D) Socrates

3. Epistemology is a branch of Philosophy which deals with:
   (A) Earth and Water
   (B) Air and Fire
   (C) Nature, origin and Scope of knowledge
   (D) Time and Space

4. The sources of knowledge are:
   (A) Rationalism
   (B) Empiricism
   (C) Intuitionism
   (D) All of the above

5. The Charvaka Metaphysics consists of:
   (A) Soul and Spirit
   (B) Earth, Air and Water
   (C) Air, Spirit and Fire
   (D) Soul and Water

6. The Epistemology of the Charvaka School rests on:
   (A) Perception
   (B) Conception
   (C) Intuition
   (D) None of the above

7. Idealism stands for:
   (A) Believing that the Idea is *not* the only basic reality
   (B) Mechanical and Efficient causes
   (C) Believing that the Idea is the only basic reality
   (D) All of the above

8. Who is the founder of Philosophical Idealism?
   (A) Parmenides
   (B) Plato
   (C) Aristotle
   (D) Heraclitus

9. Realism is the Philosophical view that:
   (A) An Objective World exists independently
   (B) The Physical World exists independently
   (C) Both (A) and (B) are correct
   (D) All of the above

10. The valid *Pramanas* consist of:
   (A) Perception
   (B) Inference
   (C) Both Perception and Inference
   (D) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. दर्शन की एक शाखा के रूप में तत्त्वमीमांसा (Metaphysics) का अर्थ है :
   (A) वास्तविकता के मूल स्वरूप का अध्ययन
   (B) सत्य की खोज
   (C) सभी वस्तुओं के सिद्धांतों को समझना
   (D) उपरोक्त सभी

2. तत्त्वमीमांसा का जनक (पिता) कौन है?
   (A) प्लेटो
   (B) अरस्तू
   (C) परमेनिडीज़
   (D) सुकरात

3. ज्ञानमीमांसा (Epistemology) दर्शन की वह शाखा है जो किससे संबंधित है?
   (A) पृथ्वी और जल
   (B) वायु और अग्नि
   (C) ज्ञान की प्रकृति, उत्पत्ति और सीमा
   (D) समय और स्थान

4. ज्ञान के स्रोत हैं :
   (A) तर्कवाद (Rationalism)
   (B) अनुभववाद (Empiricism)
   (C) अंतर्ज्ञानवाद (Intuitionism)
   (D) उपरोक्त सभी

5. चार्वाक दर्शन की तत्त्वमीमांसा में शामिल हैं :
   (A) आत्मा और आत्मिक तत्त्व
   (B) पृथ्वी, वायु और जल
   (C) वायु, आत्मा और अग्नि
   (D) आत्मा और जल

6. चार्वाक दर्शन की ज्ञानमीमांसा किस पर आधारित है?
   (A) प्रत्यक्ष ज्ञान (इंद्रियों से प्राप्त ज्ञान)
   (B) कल्पना
   (C) अंतर्ज्ञान
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. आदर्शवाद (Idealism) का अर्थ है :
   (A) यह मानना कि विचार ही एकमात्र मूल वास्तविकता नहीं है
   (B) यांत्रिक और कार्यकारण कारण
   (C) यह मानना कि विचार ही एकमात्र मूल वास्तविकता है
   (D) उपरोक्त सभी

8. दार्शनिक आदर्शवाद का प्रवर्तक (संस्थापक) कौन है?
   (A) परमेनिडीज़
   (B) प्लेटो
   (C) अरस्तू
   (D) हेराक्लाइटस

9. यथार्थवाद (Realism) वह दार्शनिक दृष्टिकोण है कि :
   (A) एक वस्तुनिष्ठ जगत स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में है
   (B) भौतिक जगत स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में है
   (C) (A) और (B) दोनों सही हैं
   (D) उपरोक्त सभी

10. मान्य प्रमाण (प्रमाणों) में शामिल हैं :
   (A) प्रत्यक्ष
   (B) अनुमान
   (C) प्रत्यक्ष और अनुमान दोनों
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. The sole cause of the Bondage of the soul is:
(A) Ignorance about the ultimate truths
(B) Ignorance about the Categories
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) nor (B)

12. In the Jain School, the *Moksa* can be obtained through:
(A) The self-control and service
(B) The complete liberation of the soul from Karmic Matter
(C) The spiritual realisation
(D) More than one of the above

13. The main characteristics of Buddhism are:
(A) The Four Noble Truths
(B) Eight-Fold Paths
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

14. The concept '*Anatmavada*' in Buddhism means that:
(A) There is no Matter
(B) There is *Atman*
(C) There are both Matter and *Atman*
(D) None of the above

15. For the Nyaya School, 'Logic is the science of all the sciences' and the 'art of all the arts':
(A) False
(B) True
(C) Neither true nor false
(D) All of the above

16. The Vaisesika System emphasises on the______ Universal Duties:
(A) Thirteen
(B) Fourteen
(C) Twelve
(D) Eleven

17. The founder of the Nyaya School is:
(A) Kumarila
(B) Brihaspati
(C) Gotama
(D) Ramanuja

18. In the '*Satkaryavada*' system of Sāmkhya:
(A) An effect is not implicitly pre-existent in its cause
(B) An effect is implicitly pre-existent in its cause
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

19. In the-Sāmkhya School *Purusha* and *Prakarti* stand for:
(A) Consciousness or Self and Matter
(B) Neither Conscious nor Matter
(C) Either Consciousness or Matter
(D) None of the above

20. The statement: "Yoga gives practical guidance for the attainment of *Moksa*" is:
(A) False
(B) True
(C) Neither False nor True
(D) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

11. आत्मा के बंधन (बंधन का एकमात्र कारण) है :
(A) परम सत्य के बारे में अज्ञान
(B) पदार्थों/श्रेणियों के बारे में अज्ञान
(C) (A) और (B) दोनों
(D) न तो (A) और न ही (B)

12. जैन दर्शन में मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है :
(A) आत्म–संयम और सेवा के द्वारा
(B) आत्मा को कर्म–बंधन से पूरी तरह मुक्त करने के द्वारा
(C) आध्यात्मिक अनुभूति के द्वारा
(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

13. बौद्ध धर्म की मुख्य विशेषताएँ हैं :
(A) चार आर्य सत्य
(B) अष्टांगिक मार्ग
(C) A और B दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. बौद्ध धर्म में 'अनात्मवाद' का अर्थ है :
(A) पदार्थ का अस्तित्व नहीं है
(B) आत्मा का अस्तित्व है
(C) पदार्थ और आत्मा दोनों है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

15. न्याय दर्शन के अनुसार 'तर्क सभी विज्ञानों का विज्ञान' और 'सभी कलाओं की कला' है :
(A) असत्य
(B) सत्य
(C) न सत्य न असत्य
(D) उपरोक्त सभी

16. वैशेषिक दर्शन में ............ सार्वभौमिक कर्तव्यों पर बल दिया गया है :
(A) तेरह
(B) चौदह
(C) बारह
(D) ग्यारह

17. न्याय दर्शन के संस्थापक हैं :
(A) कुमारिल
(B) बृहस्पति
(C) गौतम
(D) रामानुज

18. सांख्य दर्शन के 'सत्कार्यवाद' सिद्धांत में :
(A) कार्य अपने कारण में पहले से विद्यमान नहीं होता
(B) कार्य अपने कारण में पहले से निहित (विद्यमान) होता है
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

19. सांख्य दर्शन में पुरुष और प्रकृति का अर्थ है :
(A) चेतना (आत्मा) और पदार्थ
(B) न चेतना न पदार्थ
(C) या तो चेतना या पदार्थ
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. यह कथन: "योग मोक्ष प्राप्ति के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन देता है" है :
(A) असत्य
(B) सत्य
(C) न सत्य न असत्य
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

101367 101367 101367

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** Which school of Indian Philosophy focuses on 'the essence of *Dharma*'?

(A) Jainism

(B) Buddhism

(C) Sāṁkhya

(D) Mimamsa

**22.** Who said, 'Soul and Brahman are not different'?

(A) Shankara

(B) Ramanuja

(C) Neither Shankara nor Ramanuja

(D) None of these

**23.** Who among the below Indian philosophers advocates 'Universal Religion'?

(A) Radhakrishnan

(B) Aurobindo

(C) Ambedkar

(D) None of the above

**24.** Which Yoga did Swami Vivekananda follow?

(A) Karma Yoga

(B) Raja Yoga

(C) Jñāna Yoga

(D) Bhakti Yoga

**25.** The *Hindu View of Life* was written by:

(A) Rabindranath Tagore

(B) Mahatma Gandhi

(C) Sarvepalli Radhakrishnan

(D) None of the above

**26.** According to whom, 'Intuition is the ultimate form of experience'?

(A) Ambedkar

(B) Buddha

(C) Gandhi

(D) Radhakrishnan

**27.** Who wrote the book, *The Life Divine*?

(A) Gandhi

(B) Radhakrishnan

(C) Aurobindo

(D) Tagore

**28.** Which of the following is not correctly matched?

(A) Gandhi-Eight Fold Path

(B) Buddha-Four Noble Truth

(C) Vivekananda-Universal Religion

(D) M.N. Roy-*Historical Role of Islam*

**29.** Absolutism means:

(A) A Complete Unrestricted government power

(B) A Dictator form of Government

(C) A Despotic form of Regime

(D) All of the above

**30.** Which one group of philosophers belongs to Empiricism?

(A) Locke, Berkeley, Hume

(B) Descartes, Spinoza, Leibnitz

(C) Berkeley, Descartes, Locke

(D) Spinoza, Hume, Descartes

Prepp
Your Personal Exams Guide

21. भारतीय दर्शन की कौन–सी शाखा 'धर्म के सार' पर विशेष बल देती है ?
   (A) जैन धर्म
   (B) बौद्ध धर्म
   (C) सांख्य
   (D) मीमांसा

22. किसने कहा, 'आत्मा और ब्रह्म अलग नहीं हैं' ?
   (A) शंकराचार्य
   (B) रामानुज
   (C) न शंकराचार्य और न रामानुज
   (D) इनमें से कोई नहीं

23. निम्नलिखित भारतीय दार्शनिकों में से किसने 'विश्व धर्म' (Universal Religion) का समर्थन किया ?
   (A) राधाकृष्णन
   (B) अरविन्द
   (C) अम्बेडकर
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

24. स्वामी विवेकानन्द ने किस योग का पालन किया ?
   (A) कर्म योग
   (B) राज योग
   (C) ज्ञान योग
   (D) भक्ति योग

25. '*The Hindu View of Life*' पुस्तक किसने लिखी ?
   (A) रवीन्द्रनाथ टैगोर
   (B) महात्मा गांधी
   (C) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. किसके अनुसार, 'अंतर्ज्ञान अनुभव का सर्वोच्च रूप है' ?
   (A) अम्बेडकर
   (B) बुद्ध
   (C) गांधी
   (D) राधाकृष्णन

27. '*The Life Divine*' पुस्तक किसने लिखी ?
   (A) गांधी
   (B) राधाकृष्णन
   (C) अरविन्द
   (D) टैगोर

28. निम्नलिखित में से कौन–सा सही मेल नहीं है ?
   (A) गांधी – अष्टांगिक मार्ग
   (B) बुद्ध – चार आर्य सत्य
   (C) विवेकानन्द – विश्व धर्म
   (D) एम. एन. रॉय – *Historical Role of Islam*

29. निरंकुशवाद (**Absolutism**) का अर्थ है :
   (A) पूर्ण और बिना प्रतिबंध वाली सरकारी शक्ति
   (B) तानाशाही शासन प्रणाली
   (C) निरंकुश शासन व्यवस्था
   (D) उपरोक्त सभी

30. निम्नलिखित में से कौन–सा दार्शनिक समूह अनुभववाद (**Empiricism**) से संबंधित है ?
   (A) लॉक, बर्कले, ह्यूम
   (B) डेसकार्ट, स्पिनोज़ा, लाइबनिट्ज़
   (C) बर्कले, डेसकार्ट, लॉक
   (D) स्पिनोज़ा, ह्यूम, डेसकार्ट

1013617 1013617

Prepp
Your Personal Exams Guide

31. The Rational group of philosophers comprises:
(A) Descartes, Locke, Hume
(B) Berkeley, Leibnitz, Locke
(C) Descartes, Spinoza, Leibnitz
(D) Spinoza, Berkeley, Hume

32. The father of Logical Positivism is:
(A) G.E. Moore
(B) Auguste Comte
(C) Bertrand Russell
(D) Gilbert Ryle

33. According to Logical Positivism, the statements are meaningful only if they are:
(A) Empirically genuine
(B) Scientifically true
(C) Verifiable
(D) All of the above

34. 'Pre-established Harmony' was introduced by:
(A) Spinoza
(B) Descartes
(C) Berkeley
(D) None of the above

35. Phenomenology was founded by:
(A) Edmund Husserl
(B) Martin Heidegger
(C) Ludwig Wittgenstein
(D) Gilbert Ryle

36. "Phenomenology is the study of phenomena as they manifest in our experience" is
(A) False
(B) True
(C) Neither True nor False
(D) None of these

37. The concept *esse est percipi* was introduced by:
(A) Locke
(B) Spinoza
(C) Berkeley
(D) Hume

38. Which one of the following philosophers refuted the theory of Innate Ideas?
(A) Locke
(B) Spinoza
(C) Hume
(D) None of the above

39. Who reconciled 'Rationalism' and 'Empiricism'?
(A) Hume
(B) Hegel
(C) Bradley
(D) Kant

40. Which system of Western Philosophy initiated the 'Elimination of Metaphysics?
(A) Existentialism
(B) Logical Positivism
(C) Idealism
(D) Realism

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

31. तर्कवाद (Rationalism) से संबंधित दार्शनिकों का समूह है :
(A) डेसकार्ट, लॉक, ह्यूम
(B) बर्कले, लाइबनिट्ज़, लॉक
(C) डेसकार्ट, स्पिनोज़ा, लाइबनिट्ज़
(D) स्पिनोज़ा, बर्कले, ह्यूम

32. लॉजिकल पॉज़िटिविज़्म (Logical Positivism) के जनक माने जाते हैं :
(A) जी. ई. मूर
(B) ऑगस्ट कॉम्ट
(C) बर्ट्रेंड रसेल
(D) गिल्बर्ट राइल

33. लॉजिकल पॉज़िटिविज़्म के अनुसार, कथन तभी अर्थपूर्ण होते हैं जब वे :
(A) अनुभव से सिद्ध हों
(B) वैज्ञानिक रूप से सत्य हों
(C) सत्यापित (Verifiable) किए जा सकें
(D) उपरोक्त सभी

34. 'पूर्व-स्थापित सामंजस्य' (Pre-established Harmony) का सिद्धांत किसने दिया?
(A) स्पिनोज़ा
(B) डेसकार्ट
(C) बर्कले
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. प्रज्ञानवाद (Phenomenology) के प्रवर्तक थे :
(A) एडमंड हुसर्ल
(B) मार्टिन हाइडेगर
(C) लुडविग विट्गेन्स्टाइन
(D) गिल्बर्ट राइल

36. "प्रज्ञानवाद अनुभव में प्रकट होने वाली घटनाओं का अध्ययन है" यह कथन है :
(A) असत्य
(B) सत्य
(C) न सत्य न असत्य
(D) इनमें से कोई नहीं

37. 'Esse est percipi' (अस्तित्व का अर्थ है अनुभूत होना) की अवधारणा किसने दी?
(A) लॉक
(B) स्पिनोज़ा
(C) बर्कले
(D) ह्यूम

38. निम्नलिखित में से किस दार्शनिक ने 'जन्मजात विचारों' (Innate Ideas) के सिद्धांत का खंडन किया?
(A) लॉक
(B) स्पिनोज़ा
(C) ह्यूम
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

39. 'तर्कवाद' और 'अनुभववाद' में सामंजस्य किसने स्थापित किया?
(A) ह्यूम
(B) हेगेल
(C) ब्रैडली
(D) कांट

40. पश्चिमी दर्शन की किस शाखा ने 'तत्त्वमीमांसा के उन्मूलन' की शुरुआत की?
(A) अस्तित्ववाद
(B) लॉजिकल पॉज़िटिविज़्म
(C) आदर्शवाद
(D) यथार्थवाद

10361710361710361 7

www.prepp.in

41. Which one of the following is an atheistic System?
(A) Christianity
(B) Hinduism
(C) Buddhism
(D) Islam

42. Philosophy is a systematic study of:
(A) General and fundamental questions
(B) Metaphysics and Epistemology
(C) Ethics, Logic and Aesthetics
(D) All of the above

43. The 'Atomic Theory' was propounded by which of the Indian Schools?
(A) Jaina School
(B) Mimamsa School
(C) Vaisheshika School
(D) None of the above

44. Knowledge of Truth is based on:
(A) Correspondence
(B) Coherence
(C) Pragmatic
(D) All the above

45. The father of Pragmatism is:
(A) William James
(B) Charles S. Peirce
(C) John Dewey
(D) None of the above

46. Existentialism emphasises:
(A) Rightness and Wrongness of Human Actions
(B) Good and Evil
(C) Human Existence and Related Issues
(D) None of the above

47. Who is the author of *Being and Nothingness*?
(A) Heidegger
(B) Sartre
(C) Marcel
(D) Nietzsche

48. The concept of '*Pantheism*' advocated by the Indian thinker:
(A) Raja Ram Mohan Roy
(B) Radhakrishnan
(C) Ramanuja
(D) Shankara charya

49. Which one of the following does not figure as the Postulate of Morality
(A) Creation of the world
(B) Existence of God
(C) Freedom of will
(D) Immortality of the Soul

50. Pragmatism is a system that emphasises:
(A) Usefulness and action-oriented
(B) Profitable and timely workable
(C) Real-world results
(D) All the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

41. निम्नलिखित में से कौन–सा एक नास्तिक (ईश्वर को न मानने वाला) दर्शन/धर्म है?
(A) ईसाई धर्म
(B) हिंदू धर्म
(C) बौद्ध धर्म
(D) इस्लाम

42. दर्शन (Philosophy) का व्यवस्थित अध्ययन किसका है?
(A) सामान्य और मूलभूत प्रश्नों का
(B) तत्त्वमीमांसा और ज्ञानमीमांसा का
(C) नैतिकता, तर्कशास्त्र और सौंदर्यशास्त्र का
(D) उपरोक्त सभी

43. 'परमाणु सिद्धांत' (Atomic Theory) किस भारतीय दर्शन ने प्रतिपादित किया?
(A) जैन दर्शन
(B) मीमांसा दर्शन
(C) वैशेषिक दर्शन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

44. सत्य का ज्ञान किस पर आधारित है?
(A) अनुरूपता सिद्धांत (Correspondence)
(B) संगति सिद्धांत (Coherence)
(C) व्यवहारिक सिद्धांत (Pragmatic)
(D) उपरोक्त सभी

45. प्रागमतावाद (Pragmatism) के जनक माने जाते हैं :
(A) विलियम जेम्स
(B) चार्ल्स एस. पियर्स
(C) जॉन डेवी
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

46. अस्तित्ववाद (Existentialism) किस पर बल देता है?
(A) मानव कर्मों की सही और गलतता पर
(B) अच्छा और बुरा पर
(C) मानव अस्तित्व और उससे जुड़े प्रश्नों पर
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

47. 'Being and Nothingness' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) हाइडेगर
(B) सार्त्र
(C) मार्सेल
(D) नीत्शे

48. 'सर्वेश्वरवाद' (Pantheism) की अवधारणा का समर्थन किस भारतीय विचारक ने किया?
(A) राजा राममोहन राय
(B) राधाकृष्णन
(C) रामानुज
(D) शंकराचार्य

49. निम्नलिखित में से कौन–सा नैतिकता का उपपत्ति (Postulate of Morality) नहीं है?
(A) संसार की सृष्टि
(B) ईश्वर का अस्तित्व
(C) इच्छा की स्वतंत्रता
(D) आत्मा की अमरता

50. प्रागमतावाद (Pragmatism) वह दर्शन है जो बल देता है :
(A) उपयोगिता और क्रियात्मकता पर
(B) लाभदायकता और समयानुकूल कार्यशीलता पर
(C) वास्तविक जीवन के परिणामों पर
(D) उपरोक्त सभी

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

51. The Complete Submission to God in Islam is called:
(A) *Tawhid*
(B) *Adl*
(C) *Hajj*
(D) *Zakat*

52. The *Rta* and *Rna* are related to the:
(A) Vedic Concepts
(B) Upanishadic Concepts
(C) Ramayana Concepts
(D) All of the above

53. The Indian Constitution is based on:
(A) Secularism
(B) Democracy
(C) Justice and Equality
(D) All of the above

54. The concept '*Lokasangraha*' was advocated by the:
(A) *Ramayana*
(B) *Upanishads*
(C) *Bhagavad Gita*
(D) *Mahabharata*

55. 'Religion' deals with:
(A) Spiritual aspect of man
(B) Ethical aspects of man
(C) Ultimate Reality
(D) All of the above

56. 'Religious Consciousness' does not stand for:
(A) Violence
(B) Aggression
(C) Corruption and Injustice
(D) All of the above

57. '*The Teaching of Jesus Christ in the First Century*' is written by:
(A) Herbert Lockyer
(B) Paul Tillich
(C) Joseph Smith
(D) John A. Nicholson

58. The 'Unity of Religion and Religious Tolerance' advocated by
(A) R.N. Tagore
(B) B. R. Ambedkar
(C) M.N. Roy
(D) Swami Vivekananda

59. Which of the following is not correctly matched?
(A) Gandhi-*My Experiments with Truth*
(B) Ambedkar-*The Life Divine*
(C) Tagore-*Nationalism*
(D) Aurobindo-*The Synthesis of Yoga*

60. Articles 19-22 of the Indian Constitution deal with:
(A) The Right to Freedom
(B) Fundamental Civil Liberties
(C) Right to Protection of Life and Education
(D) All the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**51.** इस्लाम में ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण को कहा जाता है :

(A) तौहीद

(B) अद्ल

(C) हज

(D) ज़कात

**52.** 'ऋत' और 'ऋण' संबंधित हैं :

(A) वैदिक अवधारणाओं से

(B) उपनिषदों की अवधारणाओं से

(C) रामायण की अवधारणाओं से

(D) उपरोक्त सभी

**53.** भारतीय संविधान आधारित है :

(A) धर्मनिरपेक्षता पर

(B) लोकतंत्र पर

(C) न्याय और समानता पर

(D) उपरोक्त सभी

**54.** 'लोकसंग्रह' की अवधारणा का प्रतिपादन किया गया है :

(A) रामायण में

(B) उपनिषदों में

(C) भगवद्गीता में

(D) महाभारत में

**55.** 'धर्म' (Religion) संबंधित है :

(A) मनुष्य के आध्यात्मिक पक्ष से

(B) मनुष्य के नैतिक पक्ष से

(C) परम सत्य से

(D) उपरोक्त सभी

**56.** 'धार्मिक चेतना' का अर्थ नहीं है :

(A) हिंसा

(B) आक्रामकता

(C) भ्रष्टाचार और अन्याय

(D) उपरोक्त सभी

**57.** 'The Teaching of Jesus Christ in the First Century' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) हर्बर्ट लॉकियर

(B) पॉल टिलिच

(C) जोसेफ स्मिथ

(D) जॉन ए. निकोल्सन

**58.** 'धर्म की एकता और धार्मिक सहिष्णुता' का समर्थन किसने किया ?

(A) आर. एन. टैगोर

(B) बी. आर. अम्बेडकर

(C) एम. एन. रॉय

(D) स्वामी विवेकानन्द

**59.** निम्नलिखित में से कौन–सा सही मेल नहीं है ?

(A) गांधी – *My Experiments with Truth*

(B) अम्बेडकर – *The Life Divine*

(C) टैगोर – *Nationalism*

(D) अरविन्द – *The Synthesis of Yoga*

**60.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19-22 संबंधित हैं :

(A) स्वतंत्रता के अधिकार से

(B) मूल नागरिक स्वतंत्रताओं से

(C) जीवन और शिक्षा की सुरक्षा के अधिकार से

(D) उपरोक्त सभी

61. By 'Socialism' we mean:
(A) Government by the people
(B) Economic and political system based on equality
(C) Distribution of wealth and goods with equality
(D) Both (B) and (C) are correct

62. Mark the correct answer from the following statements:
(A) Social philosophy deals with the cultural aspects of society
(B) Social philosophy deals with the Spiritual aspect of society
(C) Social philosophy deals with the Common good of individuals in society
(D) All of the above

63. Trusteeship as a 'Socio-Economic Philosophy' was propounded by:
(A) Mahatma Gandhi
(B) B. R. Ambedkar
(C) Sri Aurobindo
(D) M.N. Roy

64. The Indian Constitution is.................. in spirit:
(A) Religious
(B) Theocentric
(C) Communal
(D) None of the above

65. The principle of *Satyagraha* was advocated by :
(A) Mahatma Gandhi
(B) Sirdar Patel
(C) Pandit Nehru
(D) Maulana Azad

66. Terrorism cannot be justified because:
(A) It is violence against humanity
(B) It is against civil liberty
(C) It instils fear and unethical means to achieve any goal
(D) All of the above

67. Which one of the following is not in Indian Social Institutions?
(A) Family and Marriage
(B) Personal Faith and Ritual Practices
(C) Economy and Education
(D) Religion and Political System

68. Political philosophy focuses mainly on:
(A) Theoretical and Conceptual aspects of political institutions
(B) Value-oriented governing system
(C) Justice and freedom of the péople
(D) All the above

69. 'Rights' and 'duties' must go together in a political system:
(A) True
(B) False
(C) Both True and False
(D) None of the above

70. Individual Social Institutions require adopting Modernity because:
(A) It is the need of the time
(B) They can flourish with new scientific ways
(C) They can contribute much with technological help
(D) All of these

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. 'समाजवाद' से हमारा अर्थ है :
(A) जनता द्वारा सरकार
(B) समानता पर आधारित आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था
(C) धन और वस्तुओं का समान रूप से वितरण
(D) (B) और (C) दोनों सही हैं

62. निम्नलिखित कथनों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) सामाजिक दर्शन समाज के सांस्कृतिक पक्ष से संबंधित है
(B) सामाजिक दर्शन समाज के आध्यात्मिक पक्ष से संबंधित है
(C) सामाजिक दर्शन समाज में व्यक्तियों के सामूहिक कल्याण से संबंधित है
(D) उपरोक्त सभी

63. 'ट्रस्टीशिप' को सामाजिक – आर्थिक दर्शन के रूप में किसने प्रतिपादित किया ?
(A) महात्मा गांधी
(B) बी. आर. अम्बेडकर
(C) श्री अरविन्द
(D) एम. एन. रॉय

64. भारतीय संविधान की भावना (Spirit) है :
(A) धार्मिक
(B) ईश्वर–केन्द्रित
(C) साम्प्रदायिक
(D) उपरोक्त मे से कोई नही

65. सत्याग्रह का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया ?
(A) महात्मा गांधी
(B) सरदार पटेल
(C) पंडित नेहरू
(D) मौलाना आज़ाद

66. आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि :
(A) यह मानवता के विरुद्ध हिंसा है
(B) यह नागरिक स्वतंत्रता के विरुद्ध है
(C) यह भय फैलाता है और लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनैतिक साधनों का उपयोग करता है
(D) उपरोक्त सभी

67. निम्नलिखित में से कौन–सा भारतीय सामाजिक संस्थाओं में शामिल नहीं है ?
(A) परिवार और विवाह
(B) व्यक्तिगत आस्था और धार्मिक अनुष्ठान
(C) अर्थव्यवस्था और शिक्षा
(D) धर्म और राजनीतिक व्यवस्था

68. राजनीतिक दर्शन मुख्य रूप से ध्यान देता है :
(A) राजनीतिक संस्थाओं के सैद्धांतिक और वैचारिक पक्ष पर
(B) मूल्य–आधारित शासन व्यवस्था पर
(C) जनता के न्याय और स्वतंत्रता पर
(D) उपरोक्त सभी

69. राजनीतिक व्यवस्था में 'अधिकार' और 'कर्तव्य' साथ–साथ होने चाहिए :
(A) सत्य
(B) असत्य
(C) दोनों सत्य और असत्य
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

70. व्यक्तिगत सामाजिक संस्थाओं को आधुनिकता अपनानी चाहिए क्योंकि :
(A) यह समय की आवश्यकता है
(B) वे नए वैज्ञानिक तरीकों से उन्नति कर सकती हैं
(C) वे तकनीकी सहायता से अधिक योगदान दे सकती हैं
(D) उपरोक्त सभी

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

71. The Philosophy of Religious Language examines :
(A) The meaning and function of language to describe Divinity
(B) The use of a statement about God can be meaningful
(C) Both (A) and (B)
(D) None of the above

72. In the 'Religious Language' statements are made about:
(A) Animals and Nature
(B) God and Spirituality
(C) Cosmos
(D) None of the above

73. For setting a better political order:
(A) Fighting with violence is the best form of protest
(B) *Satyagraha* and *Ahimsa* are the best forms of protest
(C) *Satyagraha* is the best form of protest
(D) None of the above

74. Who said, "The religious language is symbolic, not literal":
(A) Anthony Flew
(B) Saint Augustine
(C) Thomas Aquinas
(D) Paul Tillich

75. Who is the author of *Systematic Theology*?
(A) Thomas Aquinas
(B) Brian Davies
(C) Paul Tillich
(D) Saint Augustine

76. The ethical principle *Niskama karma* is given by:
(A) *The Bhagavad Gita*
(B) *The Ramayana*
(C) *The Upanishad*
(D) All of the above

77. The Jaina Logic consists of:
(A) Six forms of judgment
(B) Seven forms of judgment
(C) Nine forms of judgment
(D) Eight forms of judgment

78. Which one is not included in the Four Noble Truths of Buddha?
(A) There is Suffering
(B) There is a Cause of Suffering
(C) There is no Suffering in the world
(D) There is a way leading to the Cessation of Suffering

79. The *Purusa* and *Prakrti* are the theories advocated by:
(A) Buddhism
(B) Jainism
(C) Nyaya
(D) Samkhya

80. Which one of the following is not accepted in Islam?
(A) Believing in many gods
(B) Believing in One God
(C) Believing in one Kabah
(D) Believing that Prophet Muhammad is the Last of the prophets

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. 'धार्मिक भाषा के दर्शन' में अध्ययन किया जाता है :
(A) ईश्वर का वर्णन करने के लिए भाषा के अर्थ और कार्य का
(B) ईश्वर के बारे में कथन अर्थपूर्ण हो सकते हैं या नहीं
(C) A और B दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. 'धार्मिक भाषा, में कथन किए जाते हैं :
(A) पशुओं और प्रकृति के बारे में
(B) ईश्वर और आध्यात्मिकता के बारे में
(C) ब्रह्मांड के बारे में
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. बेहतर राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए :
(A) हिंसा से संघर्ष करना सबसे अच्छा विरोध है
(B) सत्याग्रह और अहिंसा सबसे अच्छे विरोध के तरीके हैं
(C) केवल सत्याग्रह ही सबसे अच्छा विरोध है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

74. किसने कहा, "धार्मिक भाषा प्रतीकात्मक होती है, शाब्दिक नहीं"?
(A) एंथनी फ्ल्यू
(B) संत ऑगस्टीन
(C) थॉमस एक्विनास
(D) पॉल टिलिख

75. 'Systematic Theology' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) थॉमस एक्विनास
(B) ब्रायन डेविस
(C) पॉल टिलिख
(D) संत ऑगस्टीन

76. 'निष्काम कर्म' का नैतिक सिद्धांत किस ग्रंथ में दिया गया है?
(A) भगवद्गीता
(B) रामायण
(C) उपनिषद
(D) उपरोक्त सभी

77. जैन तर्कशास्त्र में शामिल हैं :
(A) छह प्रकार के निर्णय
(B) सात प्रकार के निर्णय
(C) नौ प्रकार के निर्णय
(D) आठ प्रकार के निर्णय

78. निम्नलिखित में से कौन – सा बुद्ध के चार आर्य सत्यों में शामिल नहीं है ?
(A) दु : ख है
(B) दु : ख का कारण है
(C) संसार में कोई दु : ख नहीं है
(D) दु : ख की निवृत्ति का मार्ग है

79. पुरुष और प्रकृति का सिद्धांत किस दर्शन में प्रतिपादित है?
(A) बौद्ध दर्शन
(B) जैन दर्शन
(C) न्याय दर्शन
(D) सांख्य दर्शन

80. निम्नलिखित में से कौन–सी बात इस्लाम में स्वीकार नहीं की जाती?
(A) अनेक देवताओं में विश्वास
(B) एक ईश्वर में विश्वास
(C) एक काबा में विश्वास
(D) यह विश्वास कि पैग़म्बर मुहम्मद अंतिम नबी हैं

Prepp
Your Personal Exams Guide

81. Who is the greatest Christian Philosopher?
(A) Paul Tillich
(B) Saint John
(C) John Calvin
(D) Thomas Aquinas

82. Philosophy of Religion stands for:
(A) The rational and critical examination of religious beliefs
(B) The Metaphysical expression of religious thought
(C) The Epistemological explanation of Religion
(D) None of the above

83. The founder of Sikhism is:
(A) Guru Ram Das
(B) Guru Nanak
(C) Guru Tej Bahadur
(D) Guru Gobind Singh

84. The simple meaning of Theology is:
(A) The study of Soul
(B) The study of the world
(C) The study of God
(D) All of the above

85. Which one is not included in the Religious Beliefs?
(A) Faith and Personal Experience
(B) No Connection to the Supernatural Power
(C) Belief in Scripture
(D) Practising religious practices

86. Religious beliefs consist of:
(A) Existence of God
(B) Nature of Soul
(C) Spiritual and Moral Values
(D) All of the above

87. Spirituality is a core element in:
(A) Christianity
(B) Hinduism
(C) Islam
(D) All of the above

88. Which is not included in the postulate of Kant's Morality?
(A) Creation of the World
(B) Freedom of Will
(C) Conception of God
(D) Immortality of Soul

89. The Trinitarian conception of God is given by which religion?
(A) Judaism
(B) Christianity
(C) Hinduism
(D) Islam

90. *Moksha*, according to the Bhagavad Gita, can be attained by:
(A) Self-confidence
(B) Commitment with self-realisation
(C) Working for the good of humanity without moral obligation
(D) All of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

81. सबसे महान ईसाई दार्शनिक कौन माने जाते हैं?
(A) पॉल टिलिख
(B) संत जॉन
(C) जॉन कैल्विन
(D) थॉमस एक्विनास

82. 'धर्म का दर्शन' (Philosophy of Religion) का अर्थ है :
(A) धार्मिक विश्वासों की तर्कसंगत और आलोचनात्मक परीक्षा
(B) धार्मिक विचारों की तत्त्वमीमांसात्मक अभिव्यक्ति
(C) धर्म की ज्ञानमीमांसात्मक व्याख्या
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. सिख धर्म के संस्थापक हैं :
(A) गुरु राम दास
(B) गुरु नानक
(C) गुरु तेग बहादुर
(D) गुरु गोबिंद सिंह

84. 'थियोलॉजी' (Theology) का सरल अर्थ है :
(A) आत्मा का अध्ययन
(B) संसार का अध्ययन
(C) ईश्वर का अध्ययन
(D) उपरोक्त सभी

85. निम्नलिखित में से कौन – सा धार्मिक विश्वास में शामिल नहीं है?
(A) आस्था और व्यक्तिगत अनुभव
(B) अलौकिक शक्ति से कोई संबंध नहीं
(C) धर्मग्रंथों में विश्वास
(D) धार्मिक आचरण का पालन

86. धार्मिक विश्वासों में शामिल हैं :
(A) ईश्वर का अस्तित्व
(B) आत्मा का स्वरूप
(C) आध्यात्मिक और नैतिक मूल्य
(D) उपरोक्त सभी

87. आध्यात्मिकता एक मूल तत्व है :
(A) ईसाई धर्म में
(B) हिंदू धर्म में
(C) इस्लाम में
(D) उपरोक्त सभी

88. निम्नलिखित में से कौन–सा कांट के नैतिक सिद्धांत (Postulates of Morality) में शामिल नहीं है?
(A) संसार की सृष्टि
(B) इच्छा की स्वतंत्रता
(C) ईश्वर की अवधारणा
(D) आत्मा की अमरता

89. 'त्रित्व' (Trinity) की ईश्वर संबंधी अवधारणा किस धर्म में दी गई है?
(A) यहूदी धर्म
(B) ईसाई धर्म
(C) हिंदू धर्म
(D) इस्लाम धर्म

90. भगवद्गीता के अनुसार मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है :
(A) आत्मविश्वास से
(B) आत्म – साक्षात्कार के प्रति समर्पण से
(C) नैतिक दायित्व के बिना मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने से
(D) उपरोक्त सभी

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

91. Among the following thinkers who advocated the Unity of Religions?

(A) Radhkrishnan and M.N.Roy

(B) Tagore and Aurobindo

(C) Vivekananda and Azad

(D) None of the above

92. The Ethics of Charvaka regards:

(A) Sensual pleasure as the main source

(B) Spiritual aspect of human being

(C) Both (A) and (B)

(D) None of the above

93. The doctrine of *Pratityasamupada* is the foundation of :

(A) All the teachings of the Jaina School

(B) All the teachings of the Samkhya School

(C) Main teachings of Charvaka

(D) All the teachings of the Buddha

94. Reason and Revelation are important aspects in Islam :

(A) False

(B) True

(C) Can't say

(D) Doubtful

95. Religious Tolerance is promoted by

(A) Christianity

(B) Hinduism

(C) Islam

(D) All the above

96. Who is the father of Modern Western philosophy?

(A) Descartes

(B) Bacon

(C) Spinoza

(D) Leibnitz

97. Who is the father of Modern Indian philosophy?

(A) Shandilya

(B) Adi Shankaracharya

(C) Sri Aurobindo

(D) None of the above

98. 'The Philosophy of Language' was analysed by:

(A) G.E. Moore

(B) Gilbert Ryle

(C) Ludwig Wittgenstein

(D) None of the above

99. "The form of government in which God Himself is the Ruler' is called

(A) Democracy

(B) Autocracy

(C) Dictatorship

(D) Theocracy

100. The Atheistic Existentialists include:

(A) Heidegger, Sartre, Nietzsche

(B) Sartre, Jaspers and Marcel

(C) Nietzsche, Kierkegaard, Heidegger

(D) Kierkegaard, Jaspers and Sartre

Prepp
Your Personal Exams Guide

91. निम्नलिखित विचारकों में से किसने 'धर्मों की एकता' का समर्थन किया?
(A) राधाकृष्णन और एम. एन. रॉय
(B) टैगोर और अरविन्द
(C) विवेकानन्द और आज़ाद
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

92. चार्वाक की नैतिकता के अनुसार :
(A) इंद्रिय सुख ही मुख्य स्रोत है
(B) मनुष्य का आध्यात्मिक पक्ष महत्वपूर्ण है
(C) A और B दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

93. 'प्रतित्यसमुत्पाद' का सिद्धांत किसका आधार है?
(A) जैन दर्शन की सभी शिक्षाओं का
(B) सांख्य दर्शन की सभी शिक्षाओं का
(C) चार्वाक की मुख्य शिक्षाओं का
(D) बुद्ध की सभी शिक्षाओं का

94. इस्लाम में तर्क (Reason) और वही (Revelation) महत्वपूर्ण पक्ष हैं :
(A) असत्य
(B) सत्य
(C) नहीं कहा जा सकता
(D) संदेहास्पद

95. धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा दिया जाता है :
(A) ईसाई धर्म द्वारा
(B) हिंदू धर्म द्वारा
(C) इस्लाम द्वारा
(D) उपरोक्त सभी

96. आधुनिक पाश्चात्य दर्शन के जनक कौन हैं?
(A) डेसकार्ट
(B) बेकन
(C) स्पिनोज़ा
(D) लाइबनिट्ज़

97. आधुनिक भारतीय दर्शन के जनक कौन हैं?
(A) शांडिल्य
(B) आदि शंकराचार्य
(C) श्री अरविन्द
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

98. 'भाषा का दर्शन' (Philosophy of Language) का विश्लेषण किसने किया?
(A) जी. ई. मूर
(B) गिल्बर्ट राइल
(C) लुडविग विट्गेन्स्टाइन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

99. वह शासन – प्रणाली जिसमें स्वयं ईश्वर शासक माने जाते हैं, कहलाती है :
(A) लोकतंत्र
(B) निरंकुशतंत्र
(C) तानाशाही
(D) धर्मतंत्र (थियोक्रेसी)

100. नास्तिक अस्तित्ववादी (Atheistic Existentialists) में शामिल हैं :
(A) हाइडेगर, सार्त्र, नीत्शे
(B) सार्त्र, यास्पर्स और मार्सेल
(C) नीत्शे, कीर्केगार्ड, हाइडेगर
(D) कीर्केगार्ड, यास्पर्स और सार्त्र

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

52/GA/CC/M-2026-21

पुस्तिका श्रृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

## प्रश्न–पुस्तिका

# दर्शनशास्त्र

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 100 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न–पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखे एवं कुटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।
5. परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि प्रश्न–पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 22 और 23) सहित पूरे 24 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।
6. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
7. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
8. इस प्रश्न पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर – (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही केवल एक उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही उत्तर चुनना है।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने चार वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।
10. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें। उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.